मु. नं. 21/2019

23.07.024

पत्रावली पेश। वकील उभय पक्ष उप.। वकील उभय पक्ष उपस्थित। अप्रार्थी संख्या 3 की ओर से वकील श्री ओप्रकाश विश्नोई ने वकालतनामा मय जवाब पेश किया जो संलग्न पत्रावली किया गया। प्रार्थी वकील ने अपने तथ्यो को दोहराते हुए निवेदन किया, कि मौजा बड़सम पटवार हल्का हाड़ेतर तहसील सांचौर में प्रार्थी की पुश्तैनी भूमि खेत खसरा नम्बर 87 रकबा 3.68 हैक्टयर भूमि आई हुई है। उक्त भूमि में प्रार्थी के 1/6 हिस्सा पुश्तैनी, जन्मसिद्व हक हकूक का आया हुआ है। जिस पर कब्जा काश्त भी पुश्तैनी रूप से प्रार्थी के रूप में चला आ रहा है। प्रार्थी का मौके की रहवासी ढाणी पक्का मकान आया हुआ है। इसमें प्रार्थी का पुश्तैनी कब्जा काश्त हक हिस्सा मौजुदा है। उक्त भूमि बैचान, रहन, करने हेतु अप्रार्थी संख्या 02 मंगलाराम अप्रार्थी संख्या 01 किशनाराम के साथ मिलकर कई बार एलानिया धमकीया दे चुके है। कि वादग्रस्त आराजी को बैचान करने का सौदा हो गया है तथा आज ही कब्जा खाली कर दो अन्यथा आपको जबरन बेदखल कर देगें। जिससे ऐसा करने का कानूनी अधिकार नही है। इस प्रकार प्रथम दृष्टया मामाला व सुविधा का संतुलन प्रार्थी के पक्ष में है। यदि अप्रार्थीगण उपरोक्त अवैधानिक कृत्य करने में सफल हो जाते है तो अप्रार्थी को अपूरणीय क्षति होगी। अतः अस्थाई निषेधाज्ञा इस आशय की जारी फरमावे। की अप्रार्थी संख्या 4 व 5 उक्त आराजी से संबंधित किसी प्रकार का दस्तावेज पंजियन न करे तथा नही नामान्तरण करावे। वादग्रस्त आराजी का अप्रार्थीगण मौके एवं राजस्व रेकर्ड की यथारिथत बनाये रखे। इस आश्य की मूल वाद ताफैसला तक अस्थाई निषेधाज्ञा से अप्रार्थीगण को पांवद फरमावे।

हमनें वकील उभय पक्ष की पक्षीय बहस पर मनन किया व पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेज का अध्ययन व अवलोकन किया। प्रकरण में प्रथम दृष्टया मामला व सुविधा का संतुलन प्रार्थीया के पक्ष में प्रतीत होने से न्यायहित में प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर अप्रार्थीगण के विरूद्व को अन्तिम रूप से पुख्ता किया जाकर इस आशय की अस्थाई निषेधाज्ञा अप्रार्थीगण के विरूद्व जारी की जाती है कि मौजा बड़सम पटवार हल्का हाड़ेतर तहसील सांचौर में प्रार्थी की पुश्तैनी भूमि खेत खसरा नम्बर 87 रकबा 3.68 हैक्टयर [illegible] अप्रार्थीगण राजस्व रेकर्ड की यथारिथत बनाए रखे। पत्रावली [illegible] दाखिल दफ्तर हो एवं नम्बर से कम।

Signature Not Verified
Digitally signed by Pramod Kumar
Date: 2024.07.26 15:33:28 IST
Reason: SelfAttested

सहायक कलेक्टर, सांचौर
(उपखण्ड अधिकारी, सांचौर)

Scanned with OKEN Scanner